समाचार

जनशिकायतों, टी.एल.प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण समयसीमा पर सुनिश्चित कराएं – आयुक्त

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की बैठक लेकर टी.एल.प्रकरणों, जनशिकायतों, समस्याओं आदि से जुड़े प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की, प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश)

कोरबा 06 जनवरी 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि जनशिकायतों, टी.एल. प्रकरणों व जनसमस्याओं से जुड़े प्रकरणों को पूरी गंभीरता से लेते हुए उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण समयसीमा के अंदर सुनिश्चित कराएं। उन्होने कहा कि प्रकरणों के निराकरण के प्रति उदासीनता व देरी पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदारी तय की जाएगी तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों, अधिकारियों, अभियंताओं की बैठक लेकर टी.एल. प्रकरणों, जनशिकायतों, मुख्यमंत्री जनदर्शन, जनचौपाल आदि से जुड़े प्रकरणों, प्राप्त पत्रों के निराकरण की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होने प्रकरणों के निराकरण पर क्या कार्यवाही की गई, उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण हुआ है या नहीं, लंबित प्रकरण एवं लंबित होने के कारण आदि की समीक्षा करते हुए सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण तत्काल कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने अधिकारियों से कहा कि जनसेवाओं व नागरिकसुविधाओं से जुड़े कार्यो को सर्वप्राथमिकता के साथ संपादित कराएं, शिकायतों व समस्याओं का त्वरित निराकरण हों, इस हेतु पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें।

लंबित प्रकरणों पर संबंधित जोन कमिश्नरों को शो–काज – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने जनचौपाल के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों तथा उनके निराकरण की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की तथा जो प्रकरण 02 माह से लंबित हैं एवं उनका अभी तक निराकरण नहीं किया गया है, इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित जोन कमिश्नरों को शो–काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

वयवंदन कार्ड का लक्ष्य शीघ्र पूरा करें – कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में वयवंदन कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, आज आयुक्त श्री पाण्डेय ने वयवंदन योजना एवं आयुष्मान योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे कार्डो की कार्यप्रगति की जोनवार समीक्षा की। उन्होने जोन कमिश्नरों व राजस्व अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि वयवंदन कार्ड बनाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत घर–घर जाकर कार्ड बनाएं, इसे सर्वप्राथमिकता पर लें तथा शतप्रतिशत कार्ड बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करें। स्वास्थ्य विभाग से मिले लक्ष्य को प्रति व्यक्ति से सत्यापन के निर्देश दिए।

टी.पी.नगर बस स्टैण्ड को माडर्न बस स्टैण्ड का स्वरूप – कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा टी.पी.नगर स्थित बस स्टैण्ड को माडर्न बस स्टैण्ड के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं। आज आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान अधिकारियों से कहा कि टी.पी.नगर बस स्टैण्ड को माडर्न बस स्टैण्ड के रूप में निर्मित व विकसित करने, वहॉ सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराने हेतु शीघ्र सुनियोजित कार्ययोजना बनाकर इसी सप्ताह प्रस्तुत करें।

अतिक्रमण पर सतत नजर रखें – आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान निगम के सभी जोन कमिश्नरों, मैदानी अधिकारी कर्मचारियों व अतिक्रमण प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि निगम व शासकीय जमीनों, सार्वजनिक स्थानों, सड़क, फुटपाथ आदि पर अतिक्रमण व अवैध कब्जा न हो, इस हेतु सतर्क नजर रखें तथा जहॉ कहीं भी अवैध कब्जा व अतिक्रमण दिखे, उसे नियमानुसार हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, एन. के.नाथ, संतोष रवि, राकेश मसीह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, लेखाधिकारी अशोक देशमुख, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, सुनील टांडे, आकाश अग्रवाल, यशवंत जोगी, एम.एल. बरेठ, रमेश सूर्यवंशी, गोयल सिंह विमल, किरण साहू, अजय अग्रवाल, सोमनाथ डेहरे, लीलाम्बर यादव, संजय ठाकुर आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।